**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**पद्म पुरस्कार– राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस दौरान दो पद्म विभूषण, सात पद्मभूषण और 56 पद्मश्री सहित कुल 65 पद्म अलंकरण दिए जाएंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने वर्ष 2026 के लिए पांच पद्म विभूषण सहित एक सौ 31 पद्म अलंकरणों की घोषणा की थी। पद्म अलंकरण देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

**वीरभद्र सिंह जयंती**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज तिरयानवीं जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह को याद किया जा रहा है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित कई गणमान्य लोग आज रिज मैदान स्थित वीरभद्र सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने वीरभद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि वे जनता के समीप थे और जनता के सेवक के रूप में कार्य करते थे। राज्यपाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह का राजनीतिक अनुभव सभी के लिए एक प्रेरणस्रोत है। उनका राजनीतिक कद इस बात से स्पष्ट होता है कि वे छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि रहेगी कि उनके विचार व सोच हमें अपनानी चाहिए।

**विद्युत परियोजनाएं**

प्रदेश सरकार ने इस वर्ष लगभग 3 हजार 3 सौ 36 करोड़ रुपये लागत की 278 मेगावाट क्षमता की 19 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के प्रयासों को सराहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की कुल विद्युत क्षमता 24 हजार मेगावाट है जिसमें से 12 हजार 5 सौ 88 मेगावाट क्षमता की एक सौ नवासी परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एक हजार 5 सौ 28 मेगावाट क्षमता की 54 परियोजनाएं निर्माणधीन हैं तथा साढ़े सात हजार मेगावाट क्षमता की 5 सौ 26 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति में संशोधन करते हुए 25 मेगावाट क्षमता तक की जल विद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी दरों को 40 वर्षों के लिए 12 प्रतिशत कर दिया है।

**हर्ष महाजन**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार झूठा प्रचार करती रही है कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है और राज्य को उसका अधिकार नहीं दिया जा रहा। जबकि केंद्र सरकार प्रदेश को हर क्षेत्र में भरपूर सहयोग प्रदान कर रही है। हर्ष महाजन ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के एक आधिकारिक पत्र का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन वर्षों में करोड़ों रुपये की केंद्रीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत पिछले तीन वर्षों में प्रदेश को लगभग एक हजार 9 सौ 63 करोड़ रूपए की केंद्रीय सहायता मिली है। हर्ष महाजन ने सवाल उठाया है कि जब केंद्र सरकार लगातार धन उपलब्ध करवा रही है तो प्रदेश में विकास कार्य अपेक्षित गति से क्यों नहीं हो रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश की उंची चोटियों में कल हल्की बर्फबारी हुई है जबकि कुल्लू और चंबा जिला के निचले इलाकों में बारिश दर्ज की गई है। चंबा जिला की ऊंची चोटियों सहित रोहतांग दर्रा में बर्फबारी से जनजातीय इलाकों में ठंडक बढ़ गई है।

**जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में इन दिनों मौसम लगातार ठंडा बना हुआ है। पिछले कल खराब मौसम के चलते जिले में दिनभर रुक–रुक कर हल्की बारिश होती रही। वहीं रोहतांग दर्रा, बारालाचा ला, शिंकुला सहित जिले के सभी ऊंचे चोटियों में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। ताज़ा बर्फबारी के बाद पूरे जिले में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और लोगों को जून के महीने में भी सर्दी का एहसास हो रहा है। जहां देश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं, वहीं लाहौल–स्पीति का मौसम ठंडा और सुहावना बना हुआ है। हालांकि यह मौसम पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, लेकिन किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ा रहा है। लगातार बादल और कम धूप के कारण फसलों के पकने की रफ्तार प्रभावित हो रही है। फिलहाल जिले में खराब मौसम के बावजूद किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।**

वहीं राजधानी शिमला सहित अधिकतर क्षेत्रों में आज धूप खिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले चार दिनों तक राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान चोटियों पर हल्की बर्फबारी के भी आसार बने हैं।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे, नमस्कार**